卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 342 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦24 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## खेत की मेढ़ के विवाद में एक की हत्या, तीन घायल



रुड़की(उद ब्यूरो)। खेत की मेढ के विवाद में आमखेड़ी गांव में दो पक्षों में के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। उनकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति है। मौके पर भारी फोर्स तैनात की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलौर क्षेत्र के गांव आमखेड़ी में मंगलवार की सुबह एक पक्ष के लोग गांव के ही पास खेत पर गए थे। इस बीच खेत की मेढ को लेकर दूसरे पक्ष से कहासुनी होने लगी। काफी देर तक मौके पर विवाद हुआ। इसके बाद मामला शांत होने पर दोनों पक्ष गांव में आ गए। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने गांव में धारदार हथियार से उन पर हमला बोल दिया। जिसमें आजाद, सुंदर, सेवाराम उर्फ शिवाजी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में चारों को रुड़की सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने आजाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि सेवाराम और सुंदर की गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। उनकी हालत (शेष पृष्ठ सता पर)

## मलेशिया निवासी पिता पुत्र नदी में बहे, एक लापता

जोशीमठ (उद संवाददाता)। परिवार के साथ बदरीनाथ धाम दर्शन के लिए आये मलेशिया निवासी पिता पुत्र गांधी घाट के पास नदी में बह गये। बताया जा रहा है एक व्यक्ति नदी में गिर गया उसे बचाने के लिए दूसरे ने भी छलांग लगा दी जिसके चलते दोनों नदी में बह गये। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर पिता को बचा लिया जबकि पुत्र की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार बदरीनाथ धाम के गांधी घाट के पास नदी में दो व्यक्तियों के बहने की सूचना पर एसडीआरएफ और अन्य फोर्स मौके पहुंची। बताया जाता है कि एक व्यक्ति नदी में अचानक बह गया था उसे बचाने के लिए उसके साथ मौजूद दूसरे व्यक्ति ने भी नदी में छलांग लगा दी। एसडीआरएफ द्वारा एक व्यक्ति को करीब 200 मीटर की दूरी पर जाकर स्थानीय लोगों की सहायता से बचा लिया गया। दूसरे की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पूछताछ करने पर पता चला कि नदी में बहने वाले दोनों व्यक्ति पिता-पुत्र थे। पिता को रेस्क्यू कर लिया गया। उन्होंने अपना नाम 60 वर्षीय सुरेश चंद्र पुत्र केदारनाथ निवासी मलेशिया एवं लापता व्यक्ति का नाम 40 वर्षीरू डॉक्टर बल्लभ शेट्टी निवासी मलेशिया बताया। दोनों पिता पुत्र अपने (शेष पृष्ठ सता पर)

## बाईक सवार युवकों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला

रूद्रपुर। विगत सायं कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में बाईक सवार दो दोस्तों को पहले से घात लगाकर बैठे कुछ युवकों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजीव गुप्ता पुत्र सर्वेश गुप्ता निवासी बिगवाडा वार्ड16 ने कहा है 22 सितम्बर को सायं वह अपने दोस्त आकाश को बाईक से छोड़ने उसके घर कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से ही घात लगाये गणेश निवासी फुलसुंगी, सुख सागर विहार कालोनी निवासी सन्नी, देवू, रिन्कू, कृष्णा और कृश, विष्णु सागर तथा 2 से 3 अज्ञात इनके साथी निवासीगण कृष्णा कालोनी ट्रांजिट नें रोक लिया और धारदार हाथियार व तलवार कापा, गुप्ती, लोहे की रॉड स्टीक, से उन पर जान से मारने की नियत से जान लेवा हमला कर दिया। उसके सिर पर तलवार मारी जिससे वह लहुलहान होकर बेहोश होकर जमीन पर गिर गया।दोस्त आकाश उसे उठाकर अस्पताल लेकर जा रहा था। तो हमलावरों ने उसे भलात घुसो से मारा। दोस्त जान बचाकर भागा तो हमलावरों ने उसका घर तक पीछा कर उसके घर में घुसकर घर में तोड़फोड़ की तथा महिला परिजनों से अभद्रता की। जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर गयें।

## अंबेडकर पार्क की दुर्दशा पर निकाला गुबार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क के पास स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क से अतिक्रमण हटाने एवं सौंदर्यीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर दर्जनों लोगों ने मंगलवार को अम्बेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने पार्क में ठेलियों को हटाकर सौंदर्यीकरण करने, पार्क में बाबा साहब डाक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने, पार्क की सफाई नियमित रूप से करने, पार्क में हाईमास्ट लाईट लगाये जाने, क्षतिग्रस्त पार्क का पुनर्निर्माण एवं चारों ओर छायादार पौधे एवं फुलवारी की व्यवस्था करने, पार्क में गेट लगाने और चाहरदिवारी में रंग रोगन कराने की पुरजोर मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पार्क की दुदर्शा नहीं सुधारी गयी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पार्क से अतिक्रमण हटाने और सौंदर्यीकरण की मांग पहले भी कई बार की जा चुकी है लेकिन प्रशासन (शेष पृष्ठ सता पर)

### प्रदर्शनकारियों और ठेली वालों में नोंक झोंक

रूद्रपुर। अंबेडकर पार्क से अतिक्रमण हटाने की मांग के लिए धरना प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों के साथ पार्क में ठेली लगाने वाले ठेली व्यवसायी उलझ गये। इस दौरान काफी देर हंगामा होता रहा। वहां मौजूद पुलिस ने ठेली यूनियन के एक नेता को हिरासत में ले लिया। इस दौरान ठेली व्यवसायियों का कहना था कि उन्हें गांधी पार्क की दीवार के पास से हटाकर प्रशासन ने अंबेडकर पार्क में बैठाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जहां ठेलियां लगती थी वहां अब वाहन खड़े होते हैं,लेकिन ठेली वालों को वहां ठेलियां नही लगाने दी जा रही। ठेली व्यवसायियों ने कहा कि अंबेडकर पार्क से उन्हें हटाया गया तो रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जायेगा। उन्होंने हटाने से पहले अन्यत्र विस्थापित करने की मांग की।

## सड़क और नाली की फरियाद लेकर पहुंचे लोगों से एडीएम ने मांगे जमीन और भवन के कागजात



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प की वसुंधरा कालोनी फेज 2 के निवासियों समक्ष कलैक्ट्रेट में उस समय अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई जब वह कालोनी में सड़क व नाली निर्माण की मांग को लेकर कलैक्टेट्र पहुंचे थे और गेट पर ही वाहन से उतरकर कार्यालय जा रहे एडीएम ने उनसे आने का कारण पूछा तथा सभी से अपने अपने भवन नक्शा स्वीकृति और जमीनों के मूल कागजातों के साथ 26 सितम्बर को आने को कह दिया। इस दौरान उनकी एडीएम से कुछ नोंकझोंक भी हुई। बताया जाता है कि वसुंधरा कालोनी फेज 2 के निवासी कालोनी में सड़क व नाली निर्माण की मांग को लेकर डीएम से मिलने आये थे। जहां डीएम की व्यस्तता के चलते उन्होंने सीडीओ (शेष पृष्ठ सता पर)

## आधी रात में ट्रांजिट कैम्प थाने पहुंचे कप्तान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आधी रात को ट्रांजिट कैम्प थाने का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों की क्लास ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसएसपी के निरीक्षण से थाना पुलिस में हड़कम्प मचा रहा। जानकारी के अनुसार एसएसपी ने सोमवार देर रात्रि करीब 1 बजे थाना ट्रांजिट कैम्प पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और थाने के सभी पुलिस कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्य कदिशा निर्देश दिये। एसएसपी ने थाना ट्रांजिट कैम्प में नियुक्त सभी उपनिरीक्षकों को लंबित विवेचनाओं पर त्वरित कार्यवाही कर जल्द से जल्द निस्तारण करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि थाने पर पीड़ितों की सुनवाई तुरंत होनी चाहिए तथा उस पर त्वरित कार्य वाही कर निवारण करें। उन्होंने महिलाओ तथा बच्चो से संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही करने (शेष पृष्ठ सता पर)

## 'बदरी-केदार' में प्रसाद की शुद्धता के लिए 'बीकेटीसी' ने कसी कमर

**तिरुपति मंदिर के मिलावटी लड्डू कांड के बाद चौकस हुआ बदरी-केदार प्रशासन,बदरी-केदार मंदिर में अर्पित किए जाने वाले भोग -प्रसाद की गुणवत्ता पर सतर्क नजर रखेगी बीकेटीसी,भोग प्रसाद में उपयोग की जाने वाली खाद्य सामग्री के क्रय विक्रय एवं भंडारण हेतु एसओपी की जाएगी तैयार ,प्रसाद विक्रेताओं के लिए भी तय किए जाएंगे नए एवं कठोर मानक**

**-अर्श-**



देहरादून /रुद्रप्रयाग।उत्तराखंड के प्राचीन पवित्र धाम श्री बदरीनाथ एवं केदारनाथ मन्दिर में भगवान कोअर्पित किए जाने वाले भोग- प्रसाद की गरिमा एवं शुद्धता को बनाए रखने के लिए बदरी-केदार मंदिर समिति एवं प्रशासन ने समय रहते पूरी तरह कमर कस ली है। बदरीनाथ एवं केदारनाथ मंदिर में अर्पित किए जाने वाले भोग- प्रसाद के साथ, तिरुपति मंदिर के लड्डू कांड जैसी कोई दुर्भाग्यपूर्ण कहानी न जुड़ने पाए इसके मद्देनजर बद्री केदार मंदिर समिति एवं स्थानीय प्रशासन ने एक संयुक्त बैठक में गंभीर मंथन कर ,दोनों ही मंदिरों में अर्पित किए जाने वाले भोग प्रसाद की शुद्धता एवं गरिमा बनाए रखने के लिए आगामी रणनीति तैयार की। बीते रोज यानी सोमवार को राजधानी के कैनॉल रोड स्थित बदरी-केदार मंदिर समिति कार्यालय में बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों तथा मंदिर समिति अधिकारियों की मौजूदगी में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में धामों तथा मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता, शुद्धता व प्रयोग में लायी जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, रख-रखाव, क्रय-विक्रय सहित भण्डारण के सम्बन्ध में गंभीर चर्चा की गयी।बैठक में बद्री केदार मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने जोर देकर कहा कि श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ धाम सहित सभी अधीनस्थ मंदिरों की भोग-प्रसाद व्यवस्था की शुद्धता तथा गरिमा बनी रहे ,इसके लिए समय-समय पर मंदिरों में लगने वाले भोग एवं प्रसाद की गुणवत्ता पर सतर्क नजर रखी जायेगी। बैठक में चर्चा पश्चात निर्णय हुआ कि भोग-प्रसाद में लायी जाने वाली खाद्य सामग्री के भण्डारण हेतु मानक निर्धारित किए जाएं। मसाले, तेल, घी आदि को क्रय करते समय भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) लाईसेंस, एगमार्क (कृषक प्रतीक) आदि संस्थाओं के प्रमाण, "लोगो" आदि के प्रमाणिकता की जांच में और अधिक सतर्कता बरती जाए।भोग-प्रसाद के निर्माण में संलिप्त कार्मिकों द्वारा स्वच्छता सम्बन्धी मानको का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन की ओर से भाग लेते हुए जीसी कंडवाल ने कहा कि भोग- प्रसाद की खाद्य सामग्री को दान एवं क्रय(शेष पृष्ठ सता पर)

# संदिग्ध हालातों में युवक का शव मिलने से सनसनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक मजदूर का शव उसके घर से कुछ दूर एक खेत से बरामद हुआ है। मृतक के शरीर पर जलने के निशान मिले हैं। प्रतीत हो रहा है या तो करंट से मौत हुई है या किसी केमिकल से जलने की कोशिश की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदन नगर नंबर 5 निवासी दिहाड़ी मजदूरी करने वाला मनोज सैनी पुत्र आसेराम सैनी (35)दोपहर एक बजे से घर से गायब था। आसपास क्षेत्र में बहुत खोजबीन की गई लेकिन मनोज का कहीं पता नहीं चला। शाम को करीब 6:30 बजे गांव के एक महिला ने मनोज का अधजला शव गांव के खेत में पड़ा देखा। महिला ने पड़ोस के खेत में दवाई डाल रहे युवक को जानकारी दी। युवक ने शव का शिनाख्त मनोज सैनी के रूप में की और मनोज सैनी के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे गदरपुर थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने मौके पर पहुंचकर भाखड़ा नदी के किनारे से शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम प्रधान महेंद्र सैनी के अनुसार मृतक का पूरे शरीर में जगह जगह मांस उधरा हुआ था। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने मृतक के परिजन में उनके पिता आसेराम पत्नी किरण भाई संजय के बयान दर्ज किए। बाजपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनन राम आर्य का कहना है कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। मृतक अपने पीछे बुजुर्ग पिता असेराम पत्नी किरण एक 7 वर्षीय बच्ची आरुषि को रोता विलखता छोड़ गया।





# भीषण गर्मी से लोग बेहाल

देहरादून। इस साल मई–जून की प्रचंड गर्मी ने मैदान से लेकर पहाड़ तक लोगों को खूब परेशान किया। अब मानसून के अंतिम चरण में भी गर्मी का सितम कम नहीं हो रहा है।दोपहर में चटक धूप के चलते सितंबर में एक बार फिर गर्मी लौट आई है। सोमवार को तो धरती ऐसी तपी कि 49 साल का रिकॉर्ड टूट गया। दून का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री इजाफे के साथ 36.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह हाल सिर्फ देहरादून का नहीं बल्कि प्रदेश भर का रहा। इससे पहले साल 1974 में चार सितंबर को दून का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था, जो अब तक का ऑल टाइम रिकॉर्ड है। सितंबर में आमतौर पर मैदानी इलाकों में भी रात के समय एसी बंद कर दिए जाते थे। लेकिन अचानक बढ़ी गर्मी के चलते सितंबर में दिन के साथ रात के समय में भी एसी चलाने पड़ रहे हैं। जकि भीषण गर्मी के बीच सड़कों पर राहगीरों को गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तराखंड में बीते तीन–चार दिनों से मानसून कमजोर हुआ है। इसके चलते आसमान साफ है और बादल न होने की वजह से तापमान में इजाफा हुआ है। वहीं मंगलवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की से हल्की बारिश होने के आसार हैं। जबकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, बीते कुछ दिनों से मौसम पूरी तरह से साफ है। उत्तर–पश्चिम हवाओं का दौर भी बंद है। इसके चलते तापमान में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि 25–26 सितंबर को पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में बारिश के आसार हैं। जिससे राहत मिलने के आसार है। सितंबर के बाद ही उत्तराखंड से मानसून की विदाई होगी।

# मां वैष्णो दरबार यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।33 वी माँ वैष्णो दरबार यात्रा के लिए दुर्गा मंदिर से मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत जत्था रवाना हुआ। प्रात: 7 बजे दुर्गा मंदिर में सबसे पहले पण्डित नवीन शास्त्री और महंत राजीव ठक्कर ने विधि विधान से पूजा करवाई और दुर्गा माता को चुनरी उढ़ाई गयी साथ ही आरती की गयी। उसके पश्चात दुर्गा मंदिर से यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल,श्रीमति इना ठुकराल और भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर व सीमा अरोरा द्वारा परिवार सहित सर्वप्रथम महावीर जी का ध्वज और चुन्नी को लेकर सभी भक्त रेणु अरोरा अध्यक्ष दुर्गा मंदिर सभा , किशन नारंग ,गुरशरण बब्बर , दिनेश गुप्ता , केवल बत्रा ,किशन मेहता ,पवन गाबा पल्ली , काका नारंग ,मोहित बत्रा , विक्की कक्कड़ ,पुरुषोत्तम अरोरा, किशन सुखीजा ,ठाकुर साहब ,राम राजदेव ,अंश कक्कड़, विपिन अरोरा ,जुगनू ,अमित बांगा, विशु गाबा , अमित दुआ ,नाजिर सिंह ,श्वेता गाबा , रजनी बत्रा ,साक्षी बत्रा, रीता मेहता ,मुदित गाबा , अनू नारंग ,कबीर नारंग,कृष्णा गाबा सहित आदि पांच मन्दिर पहुंचे। वहाँ पर सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर और महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा द्वारा सभी का स्वागत किया गया। पांच मंदिर में दुर्गा माता को चुनरी और ध्वजअर्पित किया गया और आगे की यात्रा के लिए सभी माँ भक्तो ने आशीर्वाद लेकर प्रस्थान किया । यात्रा के संयोजक वेद ठुकराल और प्रवक्ता पवन गाबा ने बताया कि पहले दिन की यात्रा में भक्त हरिद्वार गंगा स्नान करेंगे और माँ गंगा जी के दर्शन करके रात्रि को चण्डीगढ़ में पंचकूला माँ मनसा देवी मंदिर में विश्राम करेंगे। यात्रा में शामिल श्रद्धालु 2 अक्टूबर को माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति लेकर वापिस रुद्रपुर पहुचेंगे।

# विधि विधान से श्री रामध्वज स्थापित

## 30 सितंबर को श्री रामलीला का शुभारंभ, 12 अक्टूबर दशहरा

गदरपुर। अनाज मंडी रामलीला मंचन से पूर्व श्री रामध्वज की स्थापना करके मंगलकामनाएं की गई। श्री अनाज मंडी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज के नेतृत्व में श्रीराम ध्वज यात्रा का



शुभारंभ ढोल नगाड़ों एवं श्री राम परिवार की झांकी के साथ श्री सती मठ मंदिर से शुरू किया गया मुख्य मार्ग होकर वार्ड नंबर 10 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में पंडित विजय शास्त्री द्वारा मंगल कामना एवं मंत्र उच्चारण किया गया। श्रीराम ध्वज यात्रा अनाज मंडी स्थित श्री रामलीला मंच पर संपन्न हुई जहां आरती एवं मंत्र उच्चारण के साथ श्री रामध्वज स्थापित किए गए। श्री रामलीला मंचन कार्यक्रम के संचालक सोमनाथ छाबड़ा ने बताया कि 30 सितंबर को श्री रामलीला का शुभारंभ और 12 अक्टूबर को विजयदशमी दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर रवींद्र बजाज, राजकुमार भुड्डी,अशोक हुड़िया, अशोक पोपली ,गुलशन मुरादिया, इंद्रजीत डाबर, संजय कुमार, नरेश अरोड़ा,अशोक बांगा, किशन बत्रा, अनमोल भुड्डी, मयंक चुघ,निर्मल दास,अशोक सुधा,विशू भुसरी, सुभाष खुराना, अजीत भुसरी ,रोहित पोपली ,मिक्की भगत,संजीव झाम, लेखराज भुड्डी, प्रवीण कुमार ,कपिल गंडा,अनिल जेटली, विजय सुखीजा, अशोक छाबड़ा, पारस धवन, पारस पोपली, टीकम खेड़ा, विजय छाबड़ा ,सुरेश खुराना, अजय खेड़ा, कृष्ण अनेजा,कृष्ण बत्रा, अनिल अरोड़ा,बलदेव ढींगरा,हीरा सिंह कालड़ा, रविंद्र वीर सिंह, अशोक छाबड़ा, राजू बठला,अशोक धीर,अनिल जेटली, देव छाबड़ा, वेद बजाज, लेखराज नागपाल, लेखराज भुड्डी, जितेंद्र हुड़िया कशिश खुराना, प्रवीण गलहोत्रा,सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# योगासन चैंपियनशिप में आरएएन के बच्चों ने जीते 11 पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्तरी जोन सीबीएसई क्लस्टर योगासन चैंपियनशिप में 11 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। आरएएन स्कूल के बच्चों ने गर्गी गर्ल्स स्कूल, मेरठ में आयोजित उत्तरी जोन सीबीएसई क्लस्टर योगासन चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक जीते हैं। इस प्रतियोगिता में 70 से 80 स्कूलों ने भाग लिया, और आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के 10 छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की है। अंडर 17 श्रेणी में अनीमेश, भाविक चौधरी, कुशाग्र शर्मा, समग्र चुफाल, रुद्र बंगा ने रजत पदक, अंडर 19 श्रेणी में बालिकाओं की टीम तनिष्का, कोमल चौधरी, ज्योत्सना चौधरी, वितांशी चौधरी, कनिका ने रजत पदक, अंडर 19 लड़कियों की व्यक्तिगत आर्टिस्टिक योगासन में तनिष्का ने कांस्य पदक प्राप्त कर कुल 11पदक प्राप्त किये। विद्यालय बच्चों की उत्तम सफलता के लिए विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच.के. राय, विद्यालय संचालक मोहित राय, विद्यालय संचालिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने बच्चों को तथा उनके माता–पिता, एवं योग शिक्षिका सुनीति जायसवाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनके अद्भुत प्रदर्शन की सराहना की। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे स्कूल को अत्यधिक गर्व है।





# गोविंदपुर में टाईल्स रोड का किया शुभारम्भ

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत वार्ड नंबर 2 गोविंदपुर में टाइल्स रोड का शुभारंभ पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे के पुत्र अतुल पांडे व समाजसेवी नारायण सिंह राठौड़ ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर निवर्तमान चेयरपर्सन अनीता दुबे, तरुण दुबे, इंदर सिंह राठौड़, प्रेम सिंह मेहरा, हरीश तिवारी, कुंवर सिंह ठकुराठी, संजीव भटेजा, सतीश चुघ, विजेंद्र सिंह यादव, रमेश सागर, अमित कुमार गुप्ता, गुरमेल सिंह, राजेश कुमार, विजय यादव, शेष नारायण शुक्ला, ओमप्रकाश डोगरा, नंदन सिंह कोश्यारी,सुरेश धपोला ,योगेंद्र पवार, राहुल कश्यप, उदयभान राजभर आदि उपस्थित थे।



# विवाह समारोह में बैंड व भोजन समय पर सहमति व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विवाह समारोह संयुक्त संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक नवीन पांडे सन्नू सह संयोजक रूपेंद्र नागर के नेतृत्व में हल्द्वानी बैंड एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विवाह समारोह संघर्ष समिति के प्रस्ताव जो कि रात्रि 10 बजे बाद सड़क पर बैंड ना बजाने और 90 प्रतिशत पैमेंट कार्य होने से पूर्व किये जाने पर ही बैंड उपलब्ध कराने को लेकर सहमति हुई। साथ ही बैंड एसोसिएशन के अध्यक्ष उसान हुसैन ने कहा कि हल्द्वानी बैंड एसोसिएशन इस वर्ष से हल्द्वानी शहर के प्रमुख धार्मिक कार्यों में संगठन की ओर से बैंड की सेवा निशुल्क देंगे।



बैठक का संचालन समिति के सदस्य एवं टैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे ने किया।बैठक में बैंड एसोसिएशन के महामंत्री शाकिर अली, सचिव सफीक, कोषाध्यक्ष तौफीक अहमद, कल्लू मास्टर, नावेद, भूरा भाई, शाहिद अहमद, जावेद, अफजाल, शकील, शाहिद अहमद, नसीर अहमद, दानिश, जीशान सहित बैंड एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# मोहे राम से मिला दे, महावीर हनुमाना

## भजन गायक नन्दकिशोर के गाये भजनों में झूमे भक्त



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गल्ला मंडी में श्री सालासर सेवा समिति द्वारा आयोजित 12वां विशाल दरबार एवं भण्डारा में आमंत्रित भजन गायक कलाकारों द्वारा गायं गये भजनों से उपस्थित सैकड़ों बाबा भक्त भक्ति में झूमनें नाचने लगे। सारा वातावरण बाबा के जयघोषों से गुंजायमान हो गया। इससे पूर्व दरबार का पावन ज्योति जलाकर विधिवत शुभारम्भ किया गया। वृन्दावन से पधारे भजन गायक नन्द किशोर शर्मा ने श्री सालासर मेंहदीपुर वाले श्री श्याम बाबा मैं आपका बनूं दिवाना, तिहूं लोक में बजरंग तुमने भक्ति का दीप जलाया तेरे रोम रोम में हनुमत सिया राम समाया, आयेगा आयेंगा श्याम हमारा अपना मुझे बनायेगा। भजन गायक कलाकार अमन सांवरिया ने भी कई सुन्दर भजन गाकर उपस्थित भक्तजनों को भक्ति में मग्न कर दिया। मध्य रात्रि दरबार समापन पश्चात आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सुरेश परिहार, संजय ठुकराल, प्रीत ग्रोवर, विकास शर्मा, सुनील ठुकराल, संजय जुनेजा, मनोज छावडा, संदीप राव, महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, सुनील यादव, नरेन्द्र बंसल, सचिन अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, विनीत जैन, अमित जिंदल, विकास जिंदल, अमित जिंदल, अजय बंसल, राजेन्द्र गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अमित अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, तारा चन्द्र अग्रवाल, विनोद ठक्कर, नन्दलाल भुड्डी, राजकुमार जिंदल, राजेश जैन, राजेन्द्र सिंघल, अर्जुन गुप्ता, विकास गर्ग, अमिता गर्ग, योगेन्द्र जिंदल, कैलाश अग्रवाल, गौरव सिंघल, सतपाल सचदेवा, कुशल अग्रवाल, तरसेम गर्ग, प्रदीप अग्रवाल, प्रियंका गर्ग, अंजू बंसल, विजय मिड्ढ़ा, नीता मिड्ढ़ा, मोहन खुराना, अशोक भल्ला, मुकेश गर्ग, डा. रामजी मौर्या, कैलाश गर्ग, श्वेता अग्रवाल, विजय गर्ग, वरूण गर्ग, आशीष अग्रवाल, विजय भूषण गर्ग, राजेश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, पुष्पा गर्ग, आलोक सरना, सुषमा अग्रवाल, प्रिया गर्ग, ऊषा श्यामपुरिया, विजय अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, सोनू अनेजा आदि मौजूद रहे।







# डीएम ने की सड़क सुरक्षा कार्यों की समीक्षा

## आठ माह में सड़क 106 दुर्घटनाओं में 85 लोगों की हुई मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय सभागार नैनीताल में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग की प्रवर्तन कार्यवाही और सड़क सुरक्षा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। ईई लोनिवि रत्नेश सक्सेना ने बताया कि अगस्त तक इस वर्ष जिले में कुल 106 दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 85 मृतक और 75 घायल हुए। डीएम ने बताया कि ओवर लोड, तेज रफ्तार, मदिरा सेवन और मोबाइल प्रयोग से सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होती है। जिसकी रोकथाम के लिए परिवहन विभाग,पुलिस विभाग को समय समय पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जानी है। साथ ही नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सभी ब्लैक स्पाट को जल्द सुधार करने की बात कही। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग और एसडीएम को उन सड़कों की सूची बनाकर पैराफिट, क्रैश बेरियर, सुरक्षा दीवार निरीक्षण, गुणवत्ता की जांच करने को कहा, जिन पर वर्तमान में विभाग द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया है। साथ ही दुर्घटना संभावित इलाकों और नो पार्किंग आदि इलाकों में साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा संबंधित प्रचार कार्यक्रम आयोजन साथ ही प्रचार प्रसार हेतु एनजीओ के माध्यम से विद्यालयों के माध्यम से प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिवारों का शीघ्र सर्वे पूर्ण कर पुनर्वास हेतु सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। परिवारों के सर्वे का कार्य एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन और पुलिस प्रशासन से ऑटो, रिक्शा, ई-रिक्शा के चालकों के साथ कार्यशाला कर एसओपी की जानकारी देने को कहा। कार्यशाला में चालकों को बालिका सुरक्षा की जानकारी, मोटर व्हीकल एक्ट, ड्रेस कोड, आईडी कार्ड और रोड सेफ्टी के मानक बताने के साथ प्रत्येक रुट के लिए निर्धारित जगह तय करने आदि की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर नरीमन चौराहे सेभीमताल तिराहे तक की सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात खत्म होते ही अब युद्ध स्तर पर गड्ढा मुक्ति अभियान चलाया जाए। इस दौरान एसपी क्राइम हरबंस सिंह, आरटीओ प्रवर्तन हल्द्वानी डां. गुरदेव सिंह, ईई लोनिवि रत्नेश सक्सेना, एआरटीओ संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।



# जनता संवाद में विधायक बेहड़ ने सुनी जन समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। जनसंवाद के तहत क्षेत्रवासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। इस दौरान मोहन सिंह मेहता निवासी खामिया न०-3 ने अपने खेत की उपजाऊ भूमि को कटान से रोकने हेतु सुरक्षा दीवार बनांये जाने, नानक सागर वार्ड न०-05 निवासी जगदीश,सतीश चन्द्र,राम किशोर,महेंद्र पाल, जगदीश, सर्वेश,राजीव,वीर बहादुर सिंह,गौरव शर्मा,ऋषि आदि ने सड़क का निर्माण कराएं जाने,रजत निवासी इंद्रपुर ने पत्नी के इलाज हेतु,हसीन जहाँ निवासी दरऊ ने पति की मृत्युउपरान्त आर्थिक सहायता,रामचंद्रन निवासी पंतनगर ने पुत्री के इलाज हेतु मुख्यमंत्री रहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग विधायक बेहड़ के समक्ष रखी तथा तालेवर निवासी वार्ड न०-05 ने विधायक बेहड़ से रोजगार दिलाये जाने का आग्रह किया।








# समय पर पूरी करें धान खरीद की तैयारियां: डीएम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।धान खरीद की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। जिलाधिकारी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि धान खरीद हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि 28 सितम्बर तक धान क्रय केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि राईस मिलर्स के पदाधिकारियों के साथ वार्ता हुई जिसमे 30 सितम्बर से पूर्व सभी राईस मिलर्स सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय में पंजीकरण का कार्य करते हुए 01 अक्टूबर 2024 से धान खरीद का कार्य संपादित करने पर सहमति बनी। राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा अपनी समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं को यथाशीघ्र निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जनपद में 214 धान क्रय केन्द्र बनाये गये है जिसमे यूसीएफ के 174, खाद्य विभाग के 25 व एनसीसीएफ के 15 धान क्रय केन्द्र आवंटित किये गये है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, आरएफसी कुमांऊ बीएस फिरमाल, निदेशक मंडी आरडी पालीवाल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार, अध्यक्ष राईस मिलर्स एसोसिएशन नरेश कंसल व



# राष्ट्रीय आहवान पर मजदूर संगठनों ने मनाया काला दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 4 मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को निरस्त करने, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण समाप्त करने, रोजगार में ठेकाकरण प्रथा समाप्त करने, भर्ती पर प्रतिबंध की नीति को रद्द करने की मांग पर 23 सितम्बर को केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आहवान पर आयोजित 'राष्ट्रव्यापी काला दिवस' के समर्थन में श्रमिक स्युंक्त मोर्चा के तहत, ऐक्टू , मासा ट्रेड यूनियन महासंघ से जुड़ी विभिन्न यूनियनों और भाकपा माले क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, सीपीआई ने 'काला दिवस' मनाते हुए गांधी पार्क रूद्रपुर में धरना प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते हुए मजदूर सहयोग केन्द्र के अध्यक्ष मुकुल ने कहा कि 4लेबर कोड कानून मजदूरों के अधिकारों को छीन रहा हैं। मजदूरों के लिए अभी पुराने 44 कानूनों के पालन करने के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं और दूसरी तरफ अधिकार से वंचित कर



कानूनी सुरक्षा को छीनने की केन्द्र सरकार की कार्यवाही गुलामी में धकेल देने की कार्यवाही है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र रावत ने कहा कि नए 4 लेबर कोड कानून मजदूरों की हड़ताल यूनियन के अधिकार को छीन रहे हैं। जबकि संविधान मजदूरों के अभिव्यक्ति के अधिकार की पैरवी करता है। 4 लेबर कोड संविधान की व्यवस्था के विपरीत हैं। एक्टू प्रदेश महामंत्री कॉमरेड के के बोरा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा थोपी गई चारों श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों पर फिर से कम्पनियों की गुलामी की स्थितियों को संस्थागत बनाना है। ताकि कामकाजी लोगों के लिए परिभाषित कार्य स्थितियों, न्यूनतम वेतन, कार्य के घंटे और सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार और हड़ताल करने के अधिकार के लगभग सभी वैधानिक अधिकारों को समाप्त किया जा सके। इन नई श्रम संहिताओं के कारण श्रमिकों के लिए ट्रेड यूनियनों में संगठित होना लगभग असंभव हो गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और भारत के संविधान के 87 और 98 प्रावधानों द्वारा प्रदान किए गए संघ और सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता के श्रमिकों के अधिकार पर सीधा हमला है। यह "ट्रेड यूनियन-मुक्त कार्यस्थल" सुनिश्चित करने की एक जबरदस्त साजिश है। सभा का संचालन ललित मटियाली ने किया। सभा को क्रालोस के नेता शिवदेव सिंह,सीपीआई के राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, ऐक्टू नगर सचिव रविन्द्र पाल ,इंकलाबी मजदूर केंद्र के नगर सचिव दिनेश चंद्र, इंट्राज महामंत्री, सनसेरा अध्यक्ष दीपक कांडपाल, बजाज महामंत्री हीरा राठौर, डॉल्फिन ललित कुमार, नेस्ले के महेन्द्र राणा, अनिता अन्ना, रिद्दी ऋद्धि के कंचन, लुकास के हरीश चंद्र आदि थे।

# ऐपण पर डिजाइन एवं टेक्निकल डेवलपमेंट वर्कशॉप का समापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं क्राफ्ट हाउस फाउंडेशन द्वारा आयोजित 25 दिवसीय फोक पेंटिंग (ऐपण) पर डिजाइन एवं टेक्निकल डेवलपमेंट वर्कशॉप का समापन समाज सेवी योगेश जोशी द्वारा किया गया। कार्यशाला का संचालन क्राफ्ट हाउस फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष संजय निषाद एवं प्रोग्राम मैनेजर अनुभव जैन



द्वारा किया गया। डिजाइन कार्यशाला का निरीक्षण वस्त्र मंत्रालय हस्तशिल्प भारत सरकार की वरिष्ठ सहायक निदेशक (अल्मोड़ा उत्तराखंड) ऑफिस से श्रीमती नंदी बिष्ट ने किया। कार्यशाला में डिजाइनर शगुन तिवारी और मास्टर ट्रेनर रुचि नैनवाल ने अपना पूर्ण योगदान दिया और ऐपण कला के दस नए उत्पाद तैयार किए। जिनमें सॉफ्ट टॉय, फोटो फ्रेम, ज्वेलरी,स्टेशनरी किट,पासपोर्ट कवर, झूमर आदि शामिल थे।

# मोबाइल लूटने वाले गिरोह के चार दबोचे

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग समेत चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 12 मोबाइल बरामद किए। पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। सोमवार दोपहर को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने अपने कार्यकाल में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सिडकुल क्षेत्र में लोगों से मारपीट कर मोबाइल लूटने की घटनाएं हो रही। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को दिनेशपुर क्षेत्र निवासी रंजीत राय ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें तीन चार लोगों ने उससे चाकू की नोंक पर मोबाइल और पर्स लूट लिया। एसपी सिटी ने बताया कि घटनाओं को रोकथाम के लिए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे



खंगाले और सौ से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान एक नाबालिग समेत चार को हिरासत में लिया। चारों के पास से 12 मोबाइल व चाकू बरामद किए। पूछताछ में अपना नाम पता ट्रांजिट कैंप निवासी आयुष सैनी पुत्र अजय सैनी, विशाल स्वर्णकार पुत्र मनोज निवासी मछली बाजार ट्रांजिट कैंप,शिवा वर्मा पुत्र राम विलास निवासी ढाल के पास ट्रांजिट कैंप बताया। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस नाबालिग के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। जबकि अन्य तीनों को जेल भेजा जा रहा है। एसपी सिटी ने बताया कि एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं, घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाए। संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ करें।

# ओम अस्पताल में महिला के दोनों कूल्हों का हुआ सफल प्रत्यारोपण

रूद्रपुर। नैनीताल रोड स्थित ओम अस्स्पताल में सफल आप्रेशन करके एक बुजुर्ग महिला के दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपण किया गया है। जानकारी के अ नुसार बिलासपुर निवासी श्रीमती पुष्पा पत्नी जार्ज लारेंस के दोनों कूल्हे खराब हो चुके थे, वह चलने फिरने में भी लाचार हो चुकी थी, साथ ही अकसर उन्हें असहनीय दर्द झेलना पड़ रहा था। महिला को यहां ओम अस्पताल में भर्ती कराया गया । ओम अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा ए के राणा ने महिला के कूल्हों की जांच की और दोनों की खराब स्थिति को देखते हुए महिला का दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपण (टीएचआर) करने की सलाह दी। कुछ घंटे चले आप्रेशन के बाद महिला के दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपित कर दिया गया। टीएचआर के बाद अब महिला वॉकर के सहारे चलने फिरने लगी है। डा. राणा ने बताया कि कुछ ही दिनों में महिला सामान्य तरीके से चल फिर सकेगी। सफल आप्रेशन में डा. राणा के साथ डा. अतुल जोशी, आरिफ, महानंद आदि भी शामिल थे। महिला और उसके परिजनों ने डा. राणा और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।



# दहेज हत्या के आरोपी पति को आठ वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने पत्नी का दहेज के लिए उत्पीड़न,मारपीट करने एवं आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पति को 8 वर्ष के कठोर कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन सिंह धामी ने बताया कि 13-09-2018 को निखिल बढ़ई निवासी अशोकनगर मानपुर ओझा बिलासपुर यूपी निवासी ने कोतवाली रूद्रपुर में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन संगीता की शादी करीब 6 वर्ष पूर्व शिवनगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी विवेक राय पुत्र कालीदास राय के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा और एक बार बहन ने अपने पति को किसी दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। तभी से पति और अधिक शारीरिक व मानसिक यातनाएं देने लगा। 12 सितंबर 2018 को पडोसी का फोन आता है और बताया कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई। प्रांत बहन की ससुराल पहुंचा,तो बहन मर चुकी थी। शिकायतकर्ता ने जीजा पर दहेज हत्या का आरोप भी लगाया। पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की। जहां जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन सिंह धामी ने 11 गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने दहेज प्रताडना और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पति विवेक राय को आठ साल कठोर कारावास और 15 हजार का अर्थदंड देने की सजा सुना दी।

# दस दिन में वेंडिंग जोन के लिए जगह चिन्हित करें: डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला अधिकारी ने कार्यालय नैनीताल में हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में फड़ ठेलों के संचालन के संबंध में प्रमोद कुमार अग्निहोत्री, केंद्रीय अध्यक्ष (ठेला, फड, वेंडर्स कल्याण समिति) एवं संगठन के सदस्यों के साथ बैठक की।बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा नगर निगम क्षेत्र में वर्षो से संचालित फड़ ठेलों हेतु वेंडिंग जोन के निर्धारण करने, बाहर से आए अपंजीकृत फड़ संचालकों का सत्यापन कराए जाने, बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने सार्वजनिक सड़क पर दुकान स्वामी द्वारा पैसा वसूल करते हुए फड़ लगवाए जाने को रोकने आदि बिंदुओं पर जिलाधिकारी को अवगत करवाते हुए फड़ ठेलों के लिए निर्धारित वेंडिंग जोन बनवाकर एसओपी बनवाने का अनुरोध किया और टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक करते हुए अवैध फड़



संचालन को रोकने की बात कही। जिस पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को अगले 10 दिन में वेंडिंग जोन के लिए अलग अलग स्थानों पर उपयुक्त जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही समिति के प्रतिनिधियों को उक्त कार्य में प्रशासन का सहयोग करने हेतु कहा। समिति ने अगले 10 दिन में जिलाधिकारी को स्थानीय फड़ संचालकों की सूची देने का आश्वासन दिया और कहा कि यदि प्रशासन वेंडिंग जोन निर्धारित कर फड़ संचालकों की संख्या सभी स्थानों पर तय कर उनको आई कार्ड देता है तो उसके बाद बाहर से आकर उन स्थानों पर अवैध रूप से फड़ लगाने वाले लोगों की जानकारी स्वयं समिति प्रशासन को देगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी लेगी कि जिन स्थानों पर जितनी संख्या तय की जाती है उससे अधिक फड़ संचालित न हों और निधारित स्थानों के अलावा कहीं और कोई फड़ आदि न लगाए। जिलाधिकारी ने इस सकारात्मक रुख के लिए समिति के सदस्यों की सराहना की और उन्हें जल्द ही टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक का आश्वासन दिया।नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि बैठक से पहले सत्यापन आदि प्रक्रिया पूरी कर ली जाए और विभागों कीअनापत्ति प्राप्त कर ली जाए।

# भू कटाव से किसानों को हुए नुकसान का एसडीएम ने लिया जायजा

शांतिपुरी( उद संवाददाता)। शांतिपुरी नंबर 4 शिवनगर में विगत दिनों बरसात के चलते गोला नदी भू कटाव की वजह से 32 बीघा गन्ने की खड़ी सहित गोला नदी में समा गई थीं। मामले को लेकर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ गणेश उपाध्याय ने एसडीएम किच्छा कौस्तूभ मिश्र से मिलकर भू कटाव से हुए नुकसान का जायजा लेने का आग्रह किया था जिस पर सोमवार को एसडीएम ने कानूनगो गोपाल राम ,पटवारी दीपक, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता पंचदेव व अवर अभियंता रईस अहमद के साथ मौका मुआयना किया। इस दौरान एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अभियंता



को निर्देशित किया। उन्होंने भू कटाव को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान घनानंद तिवारी दीपा जोशी ,महिपाल सिंह बोरा, आनंद टम्टा ,देव टम्टा मालती देवी ,कंचन देवी ,गीत देवी, लीला देवी ,रमेश आर्य ,हरीश राम, सुरेंद्र पाल, अनीता देवी ,भावना देवी ,बंटी आर्य, सुरेंद्र पाल ,श्याम बिष्ट , विकी मेहरा ,कैलाश जोशी सहित कई दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मानवीय अधिकारों के प्रति जागरूक हों युवा: रावत

हल्द्वानी।राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स की प्रदेश स्तरीय सभा संपन्न हुई। जिसमे प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन की युवा जागरुक होंगे तो मानव अधिकारों के लिए वह संघर्ष करेंगे जिससे उत्तराखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं सरकार की गलत नीतियों का पर्दाफाश करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार के संगठन के लोग मानव अधिकारों के हनन एवं समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं को आगे जाकर समाज के समाज के प्रहरी प्रहरी के रूप में करेंगे। आज युवाओं को नशे से दूर रहे एवं समाज में जागरूकता नागरिक व देश के लिए समर्पण आवश्यक है। तभी श्रेष्ठ समाज का



निर्माण संभव है। कुमाऊं मंडल के लिए भागर्व सिंह बिष्ट को अध्यक्ष प्रभारी बनाया गया।सभा को मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण,अशोक कश्यप, दिनेश मंडल, असलम खान, राजकुमार, चंपा त्रिपाठी ने संबोधित किया। इस दौरान सुरेंद्र सिंह बिष्ट, हिमानी बिष्ट, जय त्रिपाठी, नीरज जोशी,आदिल बिष्ट,हार्दिक डंगवाल, मुकेश, नितेश बिष्ट, प्रवीण शर्मा, मंजू डंगवाल, संतोष, करण दान, देवेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे। संचालन चंपा त्रिपाठी ने किया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## दिसानायके की जीत

करीब दो वर्ष पहले श्रीलंका में उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए। मगर चुनावों के बाद अब वहां एक तरह से नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। श्रीलंका में हुए चुनाव के बाद आखिरकार वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को 42.31 फीसद मत मिले और उनके प्रतिद्वंद्वी रहे सजीथ प्रेमदासा को 32.76 फीसद वोट मिले। मगर दूसरे दौर की गिनती के बाद दिसानायके को वहां के नौवें राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया गया। दिलचस्प यह है कि सन 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यानी कहा जा सकता है कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। इस बीच देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। निश्चित रूप से श्रीलंका के लिए यह एक नई बयार है और उम्मीद की जानी चाहिए कि वह कुछ वर्ष पहले भिन्न धार्मिक पहचान पर आधारित हिंसा से लेकर व्यापक आर्थिक संकट की वजह से पैदा हुए व्यापक अराजक विद्रोह के हालात से आगे की राह पर कदम बढ़ाएगा। दिसानायके की जीत को श्रीलंका में नस्लीय या धार्मिक कट्टरता के खिलाफ जनादेश भी कहा जा सकता है। मगर भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा। पहले ही इस बात की आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ता रहा है। अब वहां वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह देखने की बात होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है।

# सूबे में एनसीसी विस्तार को केन्द्र सरकार ने दी मंजूरी

### शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नई दिल्ली में आयोजित बैठक में रखा प्रस्ताव

देहरादून/नई दिल्ली(उद संवाददाता)। सूबे में एनसीसी की चाह रखने वाले युवाओं के लिये खुशखबरी है। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों की द्विवार्षिक कार्यक्रम में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्तराखंड में एनसीसी के विस्तार को अपनी मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब एनसीसी में साढ़े सात हजार नये कैडेट्स की भर्ती की जायेगी। बैठक में प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रतिभाग कर राज्य में एनसीसी के विस्तार, बजट, एवं अवसंरचना से मुद्दों को प्रमुखता से रखा। सूबे के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि एनसीसी विस्तार योजना को लेकर सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिसमें में देशभर के शिक्षा मंत्रियों, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, सभी राज्यों के एनसीसी प्रमुखों तथा डीजीएनसीसी मुख्यालय के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। डॉ. रावत ने बताया कि बैठक में एनसीसी के विस्तार योजना, नीतियों को परिष्कृत करने, वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने और प्रशिक्षण एवं शिविर से जुड़े नये बुनियादी ढ़ांचे की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश से जुड़े एनसीसी के मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया। प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी के लिए बढ़ती मांग के दृष्टिगत 10 हजार कैडेट्स की भर्ती की मांग बैठक में रखी गई। जिस पर भारत सरकार ने एनसीसी विस्तार दिया। विभगाय मंत्री ने बताया कि प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में वर्तमान में 55214 एनसीसी कैडेट्स हैं, जिसमें से माध्यमिक शिक्षा के तहत 23534 तथा उच्च शिक्षा के अंतर्गत 31680 कैडेट्स शामिल हैं। एनसीसी की गतिविधियों के संचालन के लिये प्रदेश में 9 वाहनियां वर्तमान में कार्यरत हैं, जिन्हें बढ़ाने की मांग भी केन्द्र माध्यमिक शिक्षा में 223 विद्यालय, उच्च शिक्षा में 24 महाविद्यालयों तथा 359 निजी विद्यालयों/महाविद्यालय शामिल है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों की द्विवार्षिक कार्यक्रम में एनसीसी से जुड़े मुद्दों को



योजना के तहत प्रदेश में साढ़े सात हजार कैडेट्स की भर्ती को मंजूरी दी है। जिसमें 50 फीसदी गर्ल्स कैडेट्स भर्ती की जाएंगी। इसके अलावा बैठक में एनसीसी की गतिविधियों का संचालन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित के लिये वित्तीय सहायोग की मांग भी रखी गई, जिस पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन सरकार से की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के 561 शिक्षण संस्थानों में एनसीसी संचालित की जा रही है। जिसमें माध्यमिक शिक्षा के तहत 338 विद्यालयों, उच्च शिक्षा के तहत 22 महाविद्यालयों तथा 201 निजी विद्यालयों/महाविद्यालयों में एनसीसी है। जबकि प्रदेश के 606 शिक्षण संस्थानों में एनसीसी संचालन प्रस्तावित है। जिसमें प्रखरता से रखा गया। जिसके फलस्वरूप केन्द्र सरकार द्वारा एनसीसी विस्तार योजना के तहत प्रदेश में साढ़े सात हजार कैडेट्स की भर्ती को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिय प्रतिबद्ध है। प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को केन्द्र सरकार की मदद से हर संभव पूरा किया जायेगा।

# आवारा पशुओं से बढ़ रही समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिला शिष्ट मण्डल

लालकुआं(उद संवाददाता)। लालकुआं में लगातार बेसहारा गौ वंश के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं,किसानो की फसलों को लगातार हो रहे नुकसान को लेकर बीते दिनों सामाजिक कार्यकर्ताओं के डीएम से मुलाकात की थी। उसके बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा समाधान क्षेत्रीय स्तर पर तलाश करने हेतु लालकुआं एसडीम सहित अन्य अधिकारियों को शिष्ट मंडल से मुलाकात करने व तत्काल समाधान तलाश करने के लिए निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक शिष्ट मंडल ने सामजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी के नेतृत्व मे लालकुआं एसडीएम तुषार सैनी से मिला। इस दौरान लगातार हो रही दुर्घटनाओं सहित तमाम विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई व तात्कालिक रूप मे बेसहारा गौवंश के गले मे रेडियम बेल्ट लगाने मे प्रशासनिक सहयोग, जंगलों में जानवरो के लिए पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता के लिए चाल खाल वन विभाग के माध्यम से खुदान कर उचित जल संग्रहण सहित जंगलो के किनारे उचित चारे की बेल्ट विकसित करने ,दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगो के परिवारों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आवश्यक सहयोग प्रदान करवाने,पशुओं की क्रायो ब्रांडिंग के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजने, सहित गंगापुर कबडाल में मौजूद गौशाला के विस्तारीकरण के लिए नगर पंचायत लालकुआं से सहयोग सहित अन्य मुद्दों पर सहमति भी बनी जिस पर कार्यवाही जल्द शुरु करने आश्वासन एसडीएम ने शिष्टमंडल को दिया। इस दौरान एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि पालतू पशुओं को छोड़ने पर पशुओं के मालिकों पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। बाहरी क्षेत्रों से पशु लालकुआं



मे आने की शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस विभाग को बॉर्डरो पर सघन चेकिंग करने व अनावश्यक पशुओं के आवागमन पर उचित कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल में सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी, विकास गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# लद्दाख क्षेत्र से आये नुब्रा घाटी के छात्र छात्राओं ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख क्षेत्र की नुब्रा घाटी के छात्र-छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के ''ऑपरेशन सद्भावना'' के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में लद्दाख क्षेत्र की नुब्रा घाटी के 6 शिक्षकों के साथ 30 छात्र-छात्राएं शामिल थे जो 102 इन्फेंट्री ब्रिगेड लाइट रेजिमेंट की संचालन टीम के लीडर मेजर अंशुमन के नेतृत्व में अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आए। पहली बार ये छात्र-छात्राएं लद्दाख क्षेत्र से बाहर निकल कर देहरादून स्थित आईएमए, आरआईएमसी और एफआरआई जैसे विभिन्न संस्थानों का भ्रमण करेगें। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य यहां की संस्कृति, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करना है। राज्यपाल ने सभी बच्चों से संवाद किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। श्रेष्ठ बनने के लिए अतिरिक्त परिश्रम की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को समय के साथ-साथ चलने और नई टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने कश्मीर और लद्दाख में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा के दौरान



प्रेरित किया। राज्यपाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेगी उन्हें अन्य बच्चों के साथ अवश्य साझा करें।

# तीन लोगों की बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में वाहन चोरों का आतंक थम नहीं रहा है। अलग अलग स्थानों से वाहन चोरों ने तीन बाइकों पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिगवाड़ा मण्डी में चावला धर्मकांटा के पास खड़ी स्पलैंडर बाइक संख्या यूके 06एएक्स 9879 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। वाहन स्वामी ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। वहीं पूरन सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी-ग्राम मिलक मुंण्डी, बिलासपुर, रामपुर ने तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी स्पलैंडर मोटरसाईकिल संख्या यूपी-22एई 7520 को डॉक्टर कालोनी श्रीराम आई हास्पिटल के सामने खड़ा किया था, कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो बाइक गायब थी। इसके अलावा गौरी शंकर पुत्र गंगा राम हाल निवासी-शिमला बहादुर, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी-ग्राम कुआंडांडा घिमनी, थाना भोजीपुरा, बरेली ने बताया कि बीते दिनों उसने अपनी मोटर साईकिल सं . यूपी 25सीए 4613 निकट हनुमान मूर्ति शिमला बहादुर स्थित जय भोले ट्रांसपोर्ट के ऑफिस के बाहर खड़ी की थी। अगले दिन सुबह देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने तीनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# चार वारंटियों को किया गिफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। जिलेभर में चलाए गएऑपरेशन प्रहार तथा ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पुलिस टीम ने यहां अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे चार वारंटियों को दबोचकर चालकों के पीछे कर दिया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि लक्ष्मीपुर बाजपुर निवासी नन्हे पुत्र श्री राम, शिवनगर ढकिया कुंडेश्वरी निवासी विनोद पुत्र चंद्रपाल, ग्राम जगतपुर निवासी सिकंदर उर्फ खन्ना पुत्र मलकीत तथा मोहल्ला खालसा काशीपुर निवासी चंद्र मोहन जुनेजा उर्फ चुन्नी पुत्र हरिश्चंद्र की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। उपरोक्त चारों के खिलाफ न्यायालय में समय पर हाजिर न होने के कारण वारंट जारी किए गए थे। इसी के बाद से उपरोक्त चारों कानून की आंख में धूल झोंक कर फरार चल रहे थे जिन्हें पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद सभी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# आधार सेंटर पर एसडीएम ने की छापेमारी

किच्छा(उद संवाददाता)। बीएसएनएल कार्यालय पर संचालित आधार सेंटर से मिल रही अवैध वसूली की शिकायत पर एसडीएम कोस्तूभ मिश्र ने अचानक छापेमारी की। छापेमारी की सूचना पर आधार केंद्र संचालकों एवं सीएससी केंद्र संचालकों में हड़कंप मच गया। कुछ संचालक अपना केंद्र बंद करके ही चले गए। छापेमारी के दौरान सेंटर संचालक द्वारा किसी भी प्रकार का रिकॉर्ड नहीं दिखाया गया साथ ही अलग अलग ऑपेंटरों द्वारा सेंटर को चलाकर मनमानी वसूली की जा रही थी। जिस पर एसडीएम कोस्तूभ मिश्र ने संबंधित अधिकारियों को सेंटर की जांच करने के आदेश देते हुए अग्रिम कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने आधार केंद्र संचालकों को विधायक दी की किसी भी प्रकार की अनियमित पाए जाने पर केंद्र को बंद कर दिया जाएगा उन्होंने सीएससी केंद्र संचालकों को भी हिदायत दी है कि सभी अभिलेख व्यवस्थित रखें तथा नियम अनुसार निर्धारित फीस लेते रहें यदि फिर भी मनमानी वसूल के शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए केंद्र को बंद कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से आधार केंद्रों में एवं सीएससी केंद्रों में ग्राहकों से लिए जाने की शिकायत प्रशासन को मिल रही थी जिस पर गत दिवस अपराहन उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र एवं तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से सभी आधार केंद्रों एवं सीएससी केंद्रों में औचक निरीक्षण किया गया।

# मंदिर में लगी सोलर लाइट की बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

सितारगंज। मंदिर में उजाले के लिए लगाई गई सोलर लाइट की बैटरी दो चोर चुराकर ले गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम पंडरी टीचर कालोनी वार्ड 13 निवासी जनार्दन प्रताप पुत्र बलवंत सिंह ने पुलिस को भी शरीर में आरोप लगाया है कि कॉलोनी में शिव मंदिर स्थित है। जहां उजाले के लिए मंदिर में सोलर लाइट लगा रखी थी। 23 सितंबर को अज्ञात चोर मंदिर के अंदर से सोलर लाइट की बैटरी चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरे में दो चोर बैटरी ले जाते हुए कैद हुए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रतिमा दर्ज कर लिया है।

# विभिन्न विकास कार्यों के लिए सरकार ने दी वित्तीय स्वीकृतियां

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के पाटी ब्लॉक में छिनकाछिना-रौलमेल मोटर मार्ग के पुन:निर्माण एवं सुधारीकरण के लिए 531.68 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा में जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में राज्य योजना के अन्तर्गत बंगशील-गोलधार मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्य के लिए 314.54 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है । इसी क्रम में राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के विकासखण्ड घाट में न्याय पंचायत मुख्यालय उस्तोली को जोड़ने हेतु किमी० 01 से 05 तक सुधारीकरण एवं डामरीकरण के लिए 581.23 लाख की धनराशि स्वीकृत की है।इसके साथ ही पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तारीकरण हेतु छभ-8 के अन्तर्गत रामपुर काठगोदाम तक 43.446 किमी से 93.226 किमी चार लेन कार्य एवं एनएच-87 के अंतर्गत 54+500 से 61+300 किमी. अर्थात 7 किमी. का संरेखण की डी०पी०आर० तैयार किये जाने हेतु डी०पी०आर० कंसलटेंट की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में 24,92,067 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अंतर्गत मनोली दबोली मोटर मार्ग का नाम शहीद सहायक कमाण्डेंट चारू चन्द्र पाठक के नाम पर रखे जाने को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# निगम और निकाय कर्मचारियों का चार फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा

देहरादून। धामी सरकार ने राज्य कर्मियों की भांति निगमों, निकायों, प्राधिकरण, पंचायतों, स्वायत्तशासी संस्थाओं व उपक्रमों इत्यादि में कार्यरत कर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ देने का निर्णय लिया है। राजकीय कर्मचारियों की भांति बढ़े हुए चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान एक जनवरी से किया जाएगा। पांचवें केंद्रीय वेतनमान में आहरित कर रहे सार्वजनिक निकाय, उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए मंहगाई भत्ते का बढ़ी हुई दर पर भुगतान किया जाएगा। राज्य निगम कर्मचारी महासंघ समेत कई संगठनों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। महासंघ के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटि ने कहा कि इस मामले में 23 सितंबर को वह सीएम धामी से मिले थे। सीएम ने जो आश्वासन दिया था, वह आज पूरा हो गया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक बालकृष्ण गोयल ने शिष्टाचार भेंट की। श्री गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देश उनके द्वारा उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर वृद्धाश्रमों, बाल गृहों, जेल और स्कूलों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि निरीक्षण के दौरान कई वृद्धाश्रमों का रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया और वे बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने ऐसे स्थानों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने की जरूरत बताई जिससे वहां रह रहे लोगों को असुविधा न हो। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को अपने 6 दिवसीय भ्रमण से संबंधित अन्य विषयों पर भी जानकारी दी।राज्यपाल ने कहा कि वृद्धाश्रमों का रजिस्ट्रेशन न किया जाना गंभीर विषय है, इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की देखभाल अच्छे से हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। राज्यपाल ने विशेष पर्यवेक्षक से कहा कि अन्य जो भी सुझाव और कमियां इस भ्रमण के दौरान पाई गई उन पर संबंधित विभागों से कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में रह रहे लोग अधिक वंचित और उपेक्षित होते हैं उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो यह हम सभी की जिम्मेदारी है।



# शिविर में एनीमिया से बचने के बताए उपाय

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्ति फार्म में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम सितारगंज की टीम-ए द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी-3 कैंप का आयोजन किया जिसके तहत छात्राओं की स्वास्थ्य जांच एवं जागरूक किया गया इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा एनीमिया के कारण लक्षण इसके बचाव के उपाय की जानकारी दी गई इसके साथ ही टीवी रोग की स्क्रीनिंग भी की गई छात्रों को निशुल्क आयरन एवं फोलिक एसिड की दवा वितरित की गई । इस दौरान डॉ. जहीर अहमद ने शिविर में मौजूद छात्राओं को बताया कि शरीर में खून की मात्रा कम होना ही एनीमिया रोग है। पुरुष के शरीर में 12 से 16 ग्राम हीमोग्लोबिन होना चाहिए, वहीं महिला के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा 11 से 14 के बीच होना चाहिए। इससे बचने के लिए लोह तत्व युक्त चीजें खाना चाहिए। इसके अलावा विटामिन ए एवं सी युक्त खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल करना चाहिए। किशोर बालिकाओं को आयरन, फॉलिक एसिड की एक गोली नियमित खाने के बाद नियमित लेना चाहिए। शिविर में लगभग 127 बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। इस दौरान डॉक्टर जहीर अहमद, डॉक्टर प्रज्ञा गोयल, जिगेन्द्र सिंह, आशाक्ष भट्ट, अनीता राणा, प्रधानाचार्य मनीष अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।



# दो दिन में दो महिलाएं स्मैक और कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। पिछले दो दिन में पुलिस ने दो महिलाओं को अलग-अलग गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्मैक, कच्ची शराब बरामद की हैं। नशे के कारोबार में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी ने पुलिस की चिंता तो बढ़ा दी हैं। इसके साथ ही इस वजह से समाज का संतुलन बिगड़ना भी लाजमी हैं। लेकिन महिलाओं को नशे के दलदल में ढकेलने वाले गिरोह तक पहुंचने के लिए पुलिस जोर लगाएं हुए हैं। नशे के काले कारोबार में महिलाओं की बढ़ती संख्या आने वाले समय में समाज का संतुलन बिगाड़ सकती है। पुलिस नशे के मामले में पिछले दो दिन के भीतर बरूआबाग, उकरौली गांव से अलग अलग दो महिलाओं को स्मैक और कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने जिन महिलाओं को गिरफ्तार किया है, हालाकि वे महिलाएं मजबूरी में इस धंधे को करने का दावा कर रही हैं। लेकिन महिलाओं के पास स्मैक और कच्ची शराब बिक्री के लिए कौन पहुंचा रहा हैं। इसके पीछे पेशेवर अपराधियों का हाथ भी हो सकता हैं। लेकिन पुलिस के हाथ महिलाओं को नशे की पुड़िया, कच्ची शराब की थैली थमाने वालों के गिरेबा तक नहीं पहुचं सके हैं। जबकि अकसर देखा जाता है। नशा तस्करी के काले धंध ` में मजबूर नेटवर्क निकलकर सामने आने की आशंका हमेशा बनी रहती हैं।

# कोतवाल सहित पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा पुलिस द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जाने को लेकर नगर व्यापार मंडल द्वारा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार, एवं दरऊ चौकी इंचार्ज दीवान सिंह का सम्मान किया गया। विगत एक पखवाड़े से किच्छा पुलिस द्वारा लगातार कई खुलासे किए गए है तथा नशे की खिलाफ चलाए गए अभियान में भी सफलता हासिल की है।जहां पुलिस ने भारी मात्रा मैं स्मैक बरामद की है वही कई चोरियों का भी खुलासा किया है।अपराध कर के 21 वर्षो



से भागा हुआ मुलजिम को किच्छा पुलिस द्वारा पकड़ा गया,साथ ही आये दिन नशीले पदार्थ पर कड़ा प्रहार करने में भी सफल रही।कोतवाली प्रभारी सुंदरम् शर्मा ,एस एस आई उमेश, दरऊ चौकी इंचार्ज दीवान सिंह को किच्छा व्यापार मंडल की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई । इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला,महामंत्री विजय अरोरा,सौरभ कुमार ,डा आर एस कमरा मन्नी पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

# राजनगर में पोषण मेले का आयोजन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास परियोजना ने राजनगर में पोषण मेले का आयोजन किया। इसमें 12 महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। शुभारंभ ग्राम प्रधान रानी माली और बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा जनौटी ने किया। इस दौरान पांच बच्चों का



अन्नप्राशन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा ने गर्भवती महिलाओ को स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, संतुलित आहार और कुपोषण की जानकारी दी। लिंग भेद को मिटाने के लिए ग्रामवासियों को प्रोत्साहित किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वनिर्मित मिट्टी के खिलौनों, शिक्षण सहायक सामग्री, पौष्टिक आहार समेत कई व्यंजनों के स्टाल भी लगाए। इस मौके पर लक्ष्मी आर्य, प्रभाती बसु, सरस्वती बिष्ट, सुनीति मिस्त्री, अनिता, सुप्रिया, शीना, मोनिका, कनिका आदि रहे।

# समाजसेवी अरूण ठुकराल का निधन

रूद्रपुर। समाजसेवी एवं सिविल कांट्रेक्टर अरूण ठुकराल नीटू का बीती देर रात मेदांता हॉस्पिटल में निधन हो गया। अरूण ठुकराल पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के ताऊजी के पुत्र थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। दोपहर को गमगीन माहौल में किच्छा रोड स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। एलायंस कालोनी निवासी 56 वर्षीय अरूण ठुकराल पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनकी किडनी फेल हो गयी थी, जिस पर उनका किडनी ट्रांसप्लांट सफल हो चुका था। सोमवार रात हार्ट अटैक के चलते उनकी तबियत बिगड़ गयी और उनका निधन हो गया। अरूण ठुकराल के दो युवा पुत्र हैं। उनके निधन से परिवार में कोहराम मचा है। अरूण ठुकराल के निधन का समचार सुनकर उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। दोपहर को किच्छा रोड स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।



# छह वारंटियों को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस द्वारा छह वारंटियों को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया है जहां से न्यायालय द्वारा वारंटीयों को जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वांछित चल रहे वारंटी के खिलाफ द्वारा अभियान चलाते हुए वेद प्रकाश पुत्र महेंद्र निवासी टीचर कॉलोनी, कमालुद्दीन पुत्र जमील हुसैन निवासी ग्राम सहजनी, इमरान हुसैन पुत्र अनवर हुसैन, धर्मजीत सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी रेलवे कॉलोनी सिविल लाइंस रामपुर जाहिद हुसैन पुत्र अमीर हुसैन वार्ड नंबर 7 किच्छा इस्लाम हुसैन जमील अहमद ग्राम सैजना मुख्य हैं।

# हरिद्वार के लिए निकला फैक्ट्री कर्मी लापता

रूद्रपुर । सिडकुल स्थित फैक्ट्री में कार्यरत एक कर्मी अपने घर हरिद्वार जाने के बाद से लापता हो गया। उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दके दी गई है। मित्रसेन पुत्र आसाराम ने बताया कि सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत अमित कुमार पुत्र स्व. यादराम गत 21 सितम्बर को यहां से अपने घर हरिद्वार के लिए रवाना हुआ था। लेकिन तब से वह न तो अपने घर पहुंचा और न ही वापस लौट कर आया। पुलिस ने लापता कर्मी की खोजबीन शुरू कर दी हैं।



# बलाई विश्वास ने बनाये भाजपा के सदस्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भापपा नेता व वार्ड 5 के समाजसेवी बलाई विश्वास ने भाजपा संगठन द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाते हुए वार्ड में सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। उन्होंने कहा कि देश व राज्य का हित केवल भाजपा की सरकार में ही सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने कहा कि यदि वार्ड की जनता ने आर्शीवाद दिया तो वह इस बार वार्ड से पार्षद का चुनाव लड़ेंगे।



## पेज एक का शेष...

**बद्री केदार में प्रसाद की ...** करने हेतु एसओपी तैयार की जानी चाहिए। आपूर्तिकर्ता के खाद्य लाईसेंस की अद्यतन स्थिति, वैधता आदि की प्रमाणिकता की जांच कर ली जाय तथा उक्त खाद्य सामग्री के निर्माता, निर्माण एवं समाप्ति तिथि, प्रयोग में लायी जाने की अवधि व भण्डारण हेतु उल्लिखित दिशा निर्देशन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। वहीं उपायुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड/नोडल अधिकारी "ईट राइट इण्डिया" अभियान द्वारा यह सुझाव दिया गया कि भोग-प्रसाद के निर्माणरत कार्मिको / वृत्तिदारों / व्यक्तियों को खाद्य संरक्षा मानकों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु प्रथम चरण में "खाद्य संरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन" प्रशिक्षण दिया जाय। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी ने बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से बाहरी प्रसाद विक्रेताओं की सतत निगरानी का अनुरोध करते हुए अवगत कराया कि मन्दिर परिसर के बाहर प्रसाद विक्रेता श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मन्दिर समिति के नियंत्रणाधीन न होने के कारण, उन सभी विकेताओं को खाद्य लाईसेंस पंजीकरण, खाद्य पदार्थ के भण्डारण रख-रखाव, निर्माण एवं समाप्ति तिथि आदि के सम्बन्ध में जनपदीय अभिहित अधिकारियों के स्तर पर विक्रय हेतु रखे प्रसाद व अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जानी भी अपेक्षित है।

**सड़क और नाली की ..**को ज्ञापन दिया और वापस लौटने लगे। अभी वह कलैक्ट्रेट के गेट पर ही पहुंचे थे कि सामने से एडीएम पंकज उपाध्याय वाहन से उतरकर अपने कार्यालय की ओर जाने लगे। उन्होंने कालोनी के लोगों से आने का कारण पूछा तो उन्हें बताया गया कि सड़क नाली की मांग को लेकर आये हैं। इस पर एडीएम ने उनसे अवैध कालोनी बताते हुए उनकी जमीन व भवनों के नक्शे की स्वीकृति के मूल कागजात लाने को कहा। जिससे लोगों का पारा चढ़ गया और उनकी एडीएम से कुछ देर तक तीखी नोंकझोंक हो गई। कुछ लोगों ने नारेबाजी भी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि वह 26 सितम्बर को कागजातों सहित आयेंगे। सड़क व नाली निर्माण कार्य शुरू नहीं कराने पर एडीएम कार्यालय के आगे धरना शुरू कर देंगे। इस दौरान अर्पित सागर, रामदास गुप्ता, पूनम गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, बबिता देवी, रेखा शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, गायत्री, लक्ष्मी, सीमा देवी, संतोष गंगवार, अरविन्द कुमार, शिवम खैहान, दया शंकर, रामपाल गंगवार, कुंवरसेन राठौर आदि मौजूद थे।

**अंबेडकर पार्क की...**उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रहा है। हर बार झूठा आश्वासन दिया जाता है। अब आर पार की लड़ाई लड़ी जायेगी। धरना प्रदर्शन की सूचना पर नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी वार्ता के लिए मौके पर पहुंची उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि मामले को लेकर शीघ्र ही उच्चाधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान निकाला जायेगा। इससे पूर्व मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने भी प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और उन्हें आश्वासन दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, बसपा नगर अध्यक्ष राजकुमार, पूर्व पार्षद रंजीत सागर, सतपाल ठुकराल, जितेंद्र सागर, राजकुमार सागर, दीपक सागर, विजय पाल एडवोकेट,मिंटू सागर, विशाल मेहरा, सुशील कुमार, राजपाल नगर अध्यक्ष भीम आर्मी, शैलेन्द्र कोली, चंदन सागर, सुरेश गौतम,मिलन सागर, रविन्द्र सागर आदि शामिल थे।

**खेत की मेढ़ के...**चिंताजनक बताई जा रही है। घटना से गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस गांव और सिविल अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि खूनी संघर्ष में दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि गांव में दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है और मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। मंगलौर कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मामले में तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**मलेशिया निवासी...**परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ 14 सितंबर को भारत आए थे। चारधाम की यात्रा करने के दौरान वह 24 सितंबर को बदरीनाथ धाम पहुंचे थे। रेस्क्यू किए गए व्यक्ति सुरेश चंद्र को विवेकानंद अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं लापता बल्लभ शेट्टी की तलाश की जा रही है।

**आधी रात में...**के निर्देश भी दिये। साथ ही कहा कि अवैध नशा तथा नशे के कारोबारियों को जड़ से खत्म करने के लिए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। इसके अतिरिक्त एसएसपी ने कहा कि रात्रि के समय अपराध पर नियंत्रण हेतु प्रभावी रूप से गस्त/ पेट्रोलिंग की जाये तथा संदिग्धो के विरुद्ध कार्यवाही करे एवं थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सभी कबाड़ के गोदामों का सत्यापन किया जाये।


## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रवेश सिंह एवं पुत्रवधू निशो देवी, पुत्री तुलसी देवी व धेवता प्रीतम सरकार आये दिन घर में कलह करते हैं और मारपीट करके मुझे घर से निकालते हैं, जिससे दुखी और परेशान होकर मैंने और मेरे परिवार ने इनसे सम्बंध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इनके किसी भी अच्छे बुरे कृत्य एवं लेन-देन आदि के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होंगे।

-लक्ष्मी देवी पत्नी श्री महिपाल, निवासी-4/2,बी, सांई विहार कालोनी, वार्ड नं.-16, बिगवाड़ा, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम सुरेन्द्र कुमार से बदलकर सुरेन्द्र अदलखा रख लिया है। भविष्य में मुझे सुरेन्द्र अदलखा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सुरेन्द्र अदलखा पुत्र श्री गंगू राम, निवासी- डी1,डी2-35, नियर जनता इन्टर कॉलेज, सिविल लाइंस, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।



E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नहीं थम रहा सट्टा और नशे का गैर कानूनी कारोबार

## धरातल पर कैसे दिखेंगी एसएसपी की प्राथमिकताएं ?



काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रमणि मिश्र ने बतौर एसएसपी कार्यभार ग्रहण करते हुए अपनी प्राथमिकताओं में साफ किया था कि नशे का गैर कानूनी कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसको लेकर बीते काफी समय से जिले भर में अभियान भी चलाया जा रहा है लेकिन आश्चर्य की बात है कि नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के बावजूद जरायम कारोबार में रंच मात्र भी कमी नहीं आई। आज भी नशे का गैर कानूनी गोरखधंधा क्षेत्र में खूब फल फूल रहा है। कटोरा ताल चौकी पुलिस की नाक के नीचे जहां एक ओर राधा और दीपक नामक दंपति कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त बताए जा रहे हैं वहीं इसी चौकी क्षेत्र में पीएम हाउस के ठीक सामने भाभी नामक महिला डंके की चोट पर सुल्फा (चरस) बेच रही है। सूत्रों का कहना है कि चरस की बिक्री करने वाली महिला के तार यूपी के तमाम नशे के बड़े कारोबारियों से जुड़े हैं। वह महीने में लाखों रुपए का सुल्फा घर से खपत कर देती है। नशे के कारोबार से जुड़ी उपरोक्त दोनों महिलाएं पूर्व में आधा दर्जन से अधिक बार जेल की हवा खा चुकी है लेकिन इसके बाद भी उन्होंने अपराध से तौबा नहीं किया। आईटीआई थाना क्षेत्र के खाईखेड़ा, कनकपुर, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, वीरपुर कटैया खड़कपुर देवीपुरा के अलावा कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र का गांव रमपुरा कच्ची शराब के लिए कुख्यात है। उपरोक्त गांवों से लाखों लीटर कच्ची शराब प्रतिदिन बनाई और बेची जा रही है। उपरोक्त गांवों में कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुके गैरकानूनी कारोबार को बंद कराना यहां पुलिस के लिए चुनौती है। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों के अलावा कोसी नदी के किनारे एवं जंगली इलाकों में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां बेखौफ धधक रही है। टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर कच्ची शराब के गैर कानूनी अड्डे आबाद है। इसी तरह बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला अल्ली खां, मझरा व लक्ष्मीपुर पट्टी में सट्टे व स्मैक का गैर कानूनी कारोबार पूरी तरह जड़ जमा चुका है। मजे की बात तो यह है कि सट्टा किंग यहां जल्दी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ता जबकि छोटी मछलियां अक्सर कार्यवाही की भेंट चढ़ जाती है। सूत्रों का कहना है कि उपरोक्त मोहल्लों में दर्जनों स्थानों पर सटोरिए प्रतिदिन लाखों में हार जीत की बाजी लगा रहे हैं।

## बदहाल होती जा रही है ट्रैफिक व्यवस्था, हाईवे पार्किंग में तब्दील

काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की प्राथमिकताओं में बदहाल यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने की भी बात कही गई थी लेकिन यातायात कर्मी यहां पुलिस कप्तान के प्रयासों को पलीता लगा रहे हैं। काशीपुर में यातायात व्यवस्था का बुरा हाल है। चौपट ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सड़कों पर फर्राटा भर रहे ई रिक्शा तथा अवैध अतिक्रमण को मुख्य कारण माना जा सकता है। ई रिक्शा के संचालन को ट्रैफिक पुलिस आज भी व्यवस्थित नहीं कर पाई। इसी तरह बाजपुर रोड मुरादाबाद रोड रामनगर रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर बेतरतीब ढंग से पसरे अवैध अतिक्रमण को नजरअंदाज करने का काम किया जा रहा है। टांडा उज्जैन तिराहे से ढेला पुल तक हाईवे पार्किंग में तब्दील है। पुलिस व प्रशासन के उच्चाधिकारी दिन में कई कई बार इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं लेकिन इन बातों से उनका कोई वास्ता नहीं है।

## सट्टा किंग की गर्दन तक नहीं पहुंच रहे कानून के हाथ,करोड़ों की सम्पत्ति जोड़ी

काशीपुर। कभी फांकें की जिंदगी बसर करने वाला सट्टा किंग आज करोड़पति हो गया है। उसकी पहुंच और पकड़ ऊपर तक इतनी मजबूत है कि कानून के हाथ उसकी गर्दन तक नहीं पहुंचते। सट्टा किंग आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है क्षेत्र में लगभग उसे सभी जानते हैं। काले कारनामों की वजह से आज सट्टा किंग के पास करोड़ों की आलीशान कोठी है। जानकार बताते हैं कि पूर्व में वह छोटे-मोटे नशे के गैर कानूनी कारोबार से जुड़ा था। इसके बाद उसने सट्टे के गैरकानूनी कारोबार में पांव जमाया और देखते ही देखते फर्श से अर्श तक का सफर तय कर लिया।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सीबीएसई कलस्टर खो खो प्रतियोगिता का आगाज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में बालिका वर्ग की सीबीएसई क्लस्टर-19 खो खो प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज खो खो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार भूटियानी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इससे पूर्व खो खो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार भूटियानी, विद्यालय के वाईस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, रजत बत्रा, प्रिसिपल मिंटू दूबे, विनय बत्रा आदि अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। शुभारम्भ के अवसर पर सभी टीमों ने अपने-अपने स्कूलों का प्रतिनिधित्व अपने-अपने विद्यालयों के झंडे के साथ करते हुए फ्लेग मार्च किया। जिसके पश्चात विभिन्न स्कूलों से आये छात्र छात्राओं द्वारा गणेश वंदना सहित अन्य कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कियें गये। विद्यालय के वाईस




चेयरमैन विकास बत्रा ने बताया कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों में एकता, सद्भावना, मैत्री की भावना जागृत करने हेतु तथा उनके मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु प्रतिवर्ष लगभग 24 प्रकार के खेलों का आयोजन करवाता है जिसमें बालक तथा बालिका वर्ग के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष सीबीएसई द्वारा खो-खो क्लस्टर-19 प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) के आयोजन की जिम्मेदारी होली चाइल्ड स्कूल को प्रदान की गयी है। इतने बड़े स्तर पर सीबीएसई क्लस्टर का आयोजन इस क्षेत्र में पहली बार किया जा रहा है, जोकि विद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने बताया कि इस क्लस्टर में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के लगभग 100 विद्यालयों द्वारा लगभग 1000 से ज्यादा छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया है। 27 सितम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए विद्यालय में विशेष तैयारियां की गयी है। विद्युत, जल, 30 शौचालय, रहने हेतु 50 कमरे, भोजन, जलपान, मेडिकल इत्यादि का उचित प्रबन्ध किया गया है तथा साथ ही बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वच्छता का भी ध्यान रखा गया है। प्रतिभागियों व पदाधिकारियों के लिए सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, सायँ का नाश्ता व रात्रि भोज की व्यवस्था की गई है। व्यवस्थाओं के लिए विद्यालय के 120 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देजनर पूरे परिसर को सीसी टीवी कैमरों से लैस किया गया है। प्रतियोगिता में विजेता एवं दो रनर अप टीमों को सीबीएसई द्वारा मेडल प्रदान किये जायेंगे साथ ही विद्यालय की ओर से भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रतिनिधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में 14, 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। खो खो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार भूटियानी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए उनसे खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का समापन आगामी 27 सितम्बर को किया जायेगा।






